दिनांक 29.09.2023 को हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह / हिंदी दिवस समारोह से सम्बंधित रिपोर्ट

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 14.09.2023 से 29.09.2023 तक राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा, 2023 का समापन समारोह एस.आर.एफ.एम.टी. एवं टी.आई., ट्रैक्टर नगर गार्लादिन्ने में दिनांक 29.09.2023 को माननीय निदेशक डॉ. बी.एम. नांदेडे की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारी, संविदा कर्मी, अप्रेंटिस एवं प्रशिक्षणाधीन प्रशिक्षु सहित लगभग 200 व्यक्ति उपस्थित थे। न.रा.का.स., अनंतपुर के सचिव श्री मनीष अभिमन्यु चौरसिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे और न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर के प्रशिक्षण प्रबंधक श्री शिरीष भिड़े कार्यक्रम के विशेष अतिथि थे।

कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक महोदय और अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा "दीप प्रज्वलन" के साथ की गई। इसके बाद निदेशक महोदय द्वारा मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि का स्वागत किया गया। तदुपरांत निदेशक महोदय ने इस अवसर पर माननीय कृषि मंत्री, भारत सरकार की अपील का वाचन किया।

मुख्य अतिथि श्री मनीष अभिमन्यु चौरसिया ने अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे प्रौद्योगिकी और नव विकसित सॉफ्टवेयर की मदद से हर कोई सरकारी कामकाज में हिंदी का उपयोग कर सकता है। विशिष्ट अतिथि ने सरकारी कामकाज के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी हिंदी के महत्व को बताया।

इस समारोह में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किये गये। निदेशक डॉ. बी.एम. नांदेडे ने अपने उद्बोधन में कार्यालय में राजभाषा हिंदी नीति के कार्यान्वयन और सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के महत्व के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी।
उन्होंने राजभाषा हिंदी पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों के सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई दी और अतिथियों को शाल ओढाकर सम्मानित किया। अंत में, श्री सुधीर कुमार सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने सभी को धन्यवाद दिया और उसके बाद कार्यक्रम के प्रतिभागियों को जलपान वितरण किया।